एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

विक्रम संवत 2083 | बरेली | मंगलवार, 9 जून 2026, वर्ष

PAGE NO.- 07 : BOTTOM

# कांस्य जीतने पर महिला टीम का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



नेशनल टेबल टेनिस में कांस्य जीतने वाली महिला टीम का सम्मान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश महिला टीम के पहली बार पदक जीतने की उपलब्धि पर एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में खिलाड़ियों और कोचों का भव्य सम्मान किया गया।

एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ के सचिव अरुण बनर्जी और निर्मोय मित्रा ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। महिला टीम की सदस्य आरती चौधरी, अवनी त्रिपाठी, दिशा, अंबिका गुप्ता और एलोना मिश्रा को 6-6 हजार रुपये दिए। वहीं नेशनल विमेंस डबल्स में कांस्य पदक जीतने वाली आरती चौधरी और अवनी त्रिपाठी को 15-15 हजार रुपये का विशेष

**● महिला टीम के दोनों कोच को भी पांच-पांच हजार का पुरस्कार**

पुरस्कारप्रदान किया गया। कोच पराग अग्रवाल और सौरभ पोद्दार को 5-5 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। आदित्य मूर्ति ने कहा कि यूपी महिला टीम की यह सफलता प्रदेश की युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव डॉ. दीपेंद्र कमथान ने कहा कि उत्तर प्रदेश महिला टीम का यह पहला राष्ट्रीय पदक है, जो पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। बरेली टेबल टेनिस एसोसिएशन ने भी प्रत्येक खिलाड़ी और कोच को 5000-5000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया। इस दौरान यूपीटीटीए के ट्रेजरार राजेश सिंह, संयुक्त सचिव सर्वेश कुमार, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट योगेंद्र गौतम, चेयरमैन टेक्निकल कमेटी एनके लाहिरी, डा.नितिन सक्सेना और शंकर पाल मौजूद रहे।